वायु सेना विद्यालय पंचवटी

बज्ज सीरीज 3.2 (समाचार पत्रिका)

प्रमुख उत्सव - (जुलाई-सितंबर)

स्वतंत्रता दिवस समारोह

विद्यालय प्रांगण में 15 अगस्त अर्थात स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़े उल्लास से किया गया | कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, एयर कोमोडोर हर्ष बहल, वीएसएम द्वारा ध्वजारोहण से की गई | उन्होंने सत्र 2022-23 में शैक्षणिक स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ माध्यमिक विद्यालय' में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सभी को बधाई दी | विद्यार्थियों ने देशप्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रमों से सभी को देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन माननीय अतिथि के प्रोत्साहन भाषण तथा मिष्ठान वितरण से हुआ।

जन्माष्टमी उत्सव -

भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव विद्यालय प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया | उनकी बाल – लीलाओं की झाँकियों का विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतिकरण अत्यंत मनमोहक था | जिसमें कृष्ण जन्म से लेकर मधुर गमन तक की लीलाओं का मधुर चित्रण शामिल था |

शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने कार्ड और संदेशों के रूप में अपने शिक्षकों के प्रति स्नेह व्यक्त किया। छात्र – छात्राओं ने नाट्य और नृत्य कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया|

वायु सेना विद्यालय पंचवटी

बज्ज सीरीज 3.2 (समाचार पत्रिका)

प्रतियोगिताएं(माध्यमिक शाखा) -जुलाई -सितंबर

हिंदी- परिचर्चा

विद्यार्थियों की हिंदी भाषा में तर्क –वितर्क एवं संज्ञानात्मक योग्यता में वृद्धि हेतु कक्षा नौवीं और दसवीं के लिए परिचर्चा (डिबेट) आयोजित की गई जिसमें छात्र – छात्राओं ने बड़े उत्साहपूर्वक सामाजिक मुद्दों पर तथ्य आधारित बहस की और अपनी तर्क क्षमता का परिचय दिया ।

युवा संसद सत्र

संविधान के लोकतान्त्रिक मूल्यों के प्रति देश की युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए विद्यालय प्रांगण में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों हेतु युवा संसद सत्र का आयोजन हुआ | इस संसद में सत्ताधारी दल के मंत्रिमंडल और विपक्षी सांसदों का प्रश्न सत्र देखने योग्य था |

सामाजिक विज्ञान इन्टर हाऊसप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

छात्र – छात्राओं के सामान्य ज्ञान में विस्तार के लिए सामाजिक विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा छठी से दसवीं तक चारों हाऊस के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने ज्ञान का परिचय दिया |

गणित रोल प्ले प्रतियोगिता

विद्यार्थियों में गणित और गणितज्ञों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए गणितज्ञ भूमिका क्रियाकलाप का आयोजन किया गया | जिसमे कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बड़े उमंगपूर्वक भाग लिया |

देशभक्ति गीत प्रतियोगिता

कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना के विकास के लिए इन्टर हाऊस देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | प्रतिभागियों ने देशप्रेम से ओतप्रोत गीत गाकर सबको देशभक्ति के रंग में रंग दिया |

वायु सेना स्कूल पंचवटी

बज्ज सीरीज 3.2 (समाचार पत्रिका)
जुलाई - सितम्बर

छात्रों की कलम से -

नर हो, न निराश करो मन को

नर हो, न निराश करो मन को
कुछ काम करो, कुछ काम करो
जग में रह कर कुछ नाम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो
कुछ तो उपयुक्त करो तन को
नर हो, न निराश करो मन को।
संभलो कि सुयोग न जाय चला
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला
समझो जग को न निरा सपना
पथ आप प्रशस्त करो अपना
अखिलेश्वर है अवलंबन को
नर हो, न निराश करो मन को।

–वंदना सिंह
कक्षा - नौवी

प्रकृति

माँ की तरह हम पर प्यार लुटाती है प्रकृति,
बिना मांगे हमें कितना कुछ देती जाती है प्रकृति...
दिन में सूरज की रोशनी देती है प्रकृति,
रात में शीतल चांदनी लाती है प्रकृति...
भूमिगत जल से हमारी प्यास बुझाती है प्रकृति,
और बारिश में रिमझिम जल बरसाती है प्रकृति...
दिनरात प्राणदायिनी हवा चलाती है प्रकृति-,
मुफ्त में हमें ढ़ेरों साधन उपलब्ध करती है
प्रकृति...

- आर्यन सिंह

कक्षा – छठी